प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर किसान मेले में विश्वविद्यालय के बीजों की बिक्री जारी

पंतनगर विश्वविद्यालय में चल रहे किसान मेले में आज तीसरे दिन भी किसानों द्वारा विभिन्न फसलों के बीजों की खरीद जारी रही। किसानों द्वारा मेले में विश्वविद्यालय के फसल अनुसंधान केन्द्र, प्रजनक बीज उत्पादन केन्द्र, विश्वविद्यालय फार्म तथा एटिक स्टालों से प्रथम से तृतीय दिवस के दोपहर तक लगभग 1 करोड़ 15 लाख रूपये के विभिन्न रबी फसलों के बीजों की खरीद की गयी। इसके अतिरिक्त औषधीय एवं संगंध पौध अनुसंधान केन्द्र, आदर्श पुष्प वाटिका, सब्जी अनुसंधान केन्द्र, उद्यान अनुसंधान केन्द्र तथा कृषि वानिकी अनुसंधान केन्द्र के स्टालों से लगभग 5 लाख 60 हजार रूपये के बीज व पौधों की बिक्री की गई। साथ ही एटिक व प्रकाशन निदेशालय के स्टालों से लगभग 61 हजार रूपये के प्रकाशनों की बिक्री की गई।

किसानों द्वारा आज भी विश्वविद्यालय के शोध केन्द्रों का भ्रमण जारी रहा, जिसके अन्तर्गत विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा शोध तकनीकों के बारे में किसानों को जानकारी दी गयी।

विश्वविद्यालय के शोध केन्द्रों पर जानकारी लेते किसान।

मेले में पौधों की खरीदारी करते किसान।